RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शुक्रवार 02 जून 2023 | वर्ष 05 | अंक 43 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
®
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## नाले में गिरा ऑटोरिक्शा, तीन महिलाओं की मौत, 4 घायल



**ठाणे :** ठाणे जिले के भिवंडी इलाके में एक ऑटोरिक्शा के एक नाले में गिरने से उसमें सवार तीन महिलाओं की मौत हो गई तथा चार लोग घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया कि हादसा बुधवार-बृहस्पतिवार की दरमियानी रात को मुंबई-नासिक राजमार्ग पर कोनगांव थाना क्षेत्र में हुआ। अधिकारी ने बताया कि मृतक और घायल ऑटो रिक्शा चालक के रिश्तेदार हैं और वे मुंबई से लौट रहे थे। उन्होंने बताया कि बचाव कार्य में राहगीरों ने मदद की। अधिकारी के मुताबिक, मृतकों में चालक की पत्नी, बेटी तथा अन्य करीबी रिश्तेदार शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री शिंदे से क्यों मिले शरद पवार ?



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में जारी सियासी हलचल के बीच एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने गुरुवार ( 1 जून) को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुंबई में वर्षा बंगले पर मुलाकात की. मराठा मंदिर संस्था को 75 वर्षा पूर्ण हो चुके हैं. इस समारोह का आमंत्रण देने के लिए शरद पवार सीएम शिंदे से मिले हैं. ये प्रोग्राम 24 जून को मुंबई में होना है. शरद पवार मराठा मंदिर संस्था के अध्यक्ष हैं. इस मुलाकात के बाद शरद पवार ने ट्वीट किया कि मराठा मंदिर के अमृत महोत्सव की वर्षगांठ के अवसर पर संस्थान समारोह का आयोजन करेगी. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के लिए उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की.

### विपक्षी दलों की बैठक में जाएंगे शरद पवार

शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने गुरुवार को बताया कि 12 जून की बैठक में उद्धव ठाकरे और एनसीपी प्रमुख शरद पवार को भी आमंत्रित किया गया है. संजय राउत ने कहा कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने उन सभी बड़े नेताओं को आमंत्रित किया है जो बीजेपी के साथ नहीं हैं और वो सभी देशभक्त दल जो 2024 में बदलाव चाहते हैं. नीतीश कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र में बीजेपी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट करने का काम कर रहे हैं.

### विदेश के दौरे पर हैं उद्धव ठाकरे

शिवसेना (यूबीटी) चीफ और पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे विदेश के दौरे पर हैं ऐसे वक्त पर शरद पवार सीएम से मिलने पहुंचे हैं. राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद भी दोनों नेताओं की ये पहली मुलाकात है. शरद पवार फिलहाल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों को एकजुट करने के प्रयास में जुटे हुए हैं. आगामी 12 जून को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में पटना में विपक्षी दलों की अहम बैठक भी होनी है.

# राकांपा नेता जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ एफआईआर दर्ज..




**अफजल शैख**

**ठाणे :** एनसीपी उल्हासनगर शहर जिला की ओर से उल्हासनगर 5 के स्मैश टर्फ, प्रभात गार्डन में प्रमुख पदाधिकारियों के लिए 27 मई 2023 को समीक्षा बैठक व सार्वजनिक पक्ष प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया था. इस बैठक में एनसीपी के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड द्वारा अपने भाषण में कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुये '' एक शेर को मारने के लिये 100 सिंधी कुत्ते भी कुछ नहीं कर सकते '' इस तरह का वक्तव्य करके सिंधी समाज की भावनाओ को दुखाया है और धार्मिक श्रद्धा का अपमान किया है, ऐसी शिकायत उल्हासनगर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जमनादास पुरस्वानी द्वारा उल्हासनगर 5 के हिललाइन पुलिस स्टेशन में दर्ज कराने पर जितेंद्र आव्हाड के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 के तहत 153 - A, 153 - B, 295 - A और 298 के तहत मामला दर्ज किया गया है। राकांपा उल्हासनगर जिला अध्यक्षा श्रीमती पंचम कलानी के नेतृत्व में यह बैठक का आयोजन किया गया था, जिसमे राकांपा पदाधिकारी व पुर्व राकांपा नगरसेवक उपस्थित थे।

# जेजे अस्पताल का नेत्र विभाग विवाद का केंद्र बना

## रेजिडेंट डॉक्टर हड़ताल पर गए...



**मुंबई :** मुंबई में महाराष्ट्र सरकार के तहत आने वाले जे जे अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं और उनका आरोप है कि अस्पताल के पूर्व डीन और वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. तात्याराव लहाणे और नेत्र विज्ञान विभाग की मौजूदा प्रमुख विभाग का संचालन 'तानाशाहीपूर्ण' तरीके से कर रही हैं। महाराष्ट्र एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स (एमएआरडी) द्वारा आहूत हड़ताल बुधवार (31 मई) से शुरू हुई है और प्रदर्शनकारी डॉक्टर पिछले दो बैच को मानदेय ना देने और बकाया का भुगतान नहीं करने जैसे मुद्दे के समाधान की भी मांग कर रहे हैं। हड़ताल सबसे ज्यादा मोतियाबिंद का ऑपरेशन करने वाले पद्म श्री से सम्मानित लहाणे और विभाग की मौजूदा प्रमुख डॉ रागिनी पारेख को लेकर है। लहाणे पहले जे जे अस्पताल के डीन थे और राज्य सरकार के चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान निदेशालय (डीएमईआर) के निदेशक भी रहे हैं। एमएआरडी की जेजे अस्पताल की इकाई के अध्यक्ष डॉ. शुभम सोनी ने कहा कि रेजिडेंट डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि लहाणे और पारेख नेत्र विज्ञान विभाग को 'तानाशाहीपूर्ण' तरीके से चला रहे हैं और यह स्पष्ट रूप से कई स्तरों पर राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) के दिशानिर्देशों का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा, '' दोनों सर्जन विभाग में किए जाने वाले लगभग सभी ऑपरेशन करते हैं जिनमें ज्यादातर मोतियाबिंद की सर्जरी होती हैं। जेजे अस्पताल के शिक्षण संस्थान होने के बावजूद यहां के रेजिडेंट चिकित्सकों की शिक्षा पर मुश्किल से ही ध्यान दिया जाता है।''

दूसरी ओर लहाणे ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया और दावा किया कि उन्होंने अस्पताल छोड़ दिया है।

# महाराष्ट्र में प्लास्टिक पर बिछा दी गई डामर की सड़क...

## चादर की तरह फोल्ड हो रही, लोग बोले- ठेकेदार ने भ्रष्टाचार की हदें पार कीं



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में सड़क बनाने में एक घोटाला सामने आया है। जालना जिले में एक ऐसी सड़क बनाई गई है, जो केवल हाथ लगाने से उखड़ जा रही है। यह सड़क में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई है। सड़क के घोटाले को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें कुछ लोग सड़क को हाथ से उखाड़ रहे हैं और सड़क चादर के परत की तरह फोल्ड होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में यह सड़क बनी है। इसके बनते ही लोगों ने आवाजाही शुरू कर दी है। चलने के दौरान यह बीच-बीच में उखड़ रही थी। जब इसकी जांच की गई तो पता चला कि सड़क के नीचे के एक प्लास्टिक बिछाई गई है। इसी के ऊपर ठेकेदार ने महज 40टट की मोटी डामर की परत सड़क पर लगाई है, जो आसानी से निकल जा रही है।

**8 दिन पहले पीलीभीत में हाथ से सड़क उखड़ने का वीडियो वायरल हुआ था**

पीलीभीत में भी एक वीडियो सामने आया था। यहां की सड़कों की हालत इतनी खराब थी कि लोगों ने इसको अपने हाथों से उखाड़ दिया। यह 3 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनाई गई थी।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### क्रूरता की हद

दिल्ली के शाहबाद डेरी इलाके में बीते रविवार एक किशोरी की क्रूरता से की गई हत्या ने पूरे देश को झकझोरा है। निस्संदेह, घटना स्तब्ध करने वाली है लेकिन इस वारदात का दूसरा दुखद पहलू घटना के वक्त पास से गुजरते लोगों का गैरजिम्मेदार व्यवहार है। समाज कितना संवेदनहीन हो चला है कि वहशी दरिंदा किशोरी पर सरेआम चाकू से वार पर वार करता रहा और गुजरते लोग मूकदर्शक बने रहे। अपराधी का मन दर्जनों चाकू के वार करने पर भी नहीं रुका और पत्थर से उसका चेहरा कुचलकर भाग गया। सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हृदयविदारक घटना हत्याकांड की भयावहता को उजागर करती है। विडंबना है कि हमारा समाज कितना संवेदनहीन हो चला कि सरेराह निर्ममता से एक बेटी का कत्ल हो रहा होता है और समाज के भीरू लोग ऐसे गुजर रहे थे जैसे कुछ हुआ ही नहीं है। काश, एक-दो लोग अपराधी को चुनौती देते और उसका किसी तरह मुकाबला करते तो एक बेटी की जान बच सकती थी। लेकिन लोग आम दिनों की तरह चलते रहे। हो सकता है कि कुछ लोग अपने मोबाइल में घटना को कैद करते रहे हों। आखिर लोग क्यों नहीं सोचते कि हिंसा की यह आग एक दिन उनके अपनों को भी लील सकती है। कहा जा रहा है कि गुनहगार युवक दो साल से इस लड़की के संपर्क में था। किसी हकीकत का भान होने पर लड़की ने उससे दूरी बना ली थी। लेकिन इंसान के नाम पर वहशी दरिंदा कितना हैवान था कि कभी जिस लड़की से प्रेम करने का प्रपंच करता रहा, उसे ही जानवरों की तरह काट दिया। क्या कभी किसी कथित प्रेम संबंध की परिणति ऐसी भयावह हो सकती है? यह नये दौर का वीभत्स प्रेम है कि मन की न हो तो प्रेमिका के टुकड़े-टुकड़े कर दो। देश कुछ समय पहले दिल्ली के हुए श्रद्धा हत्याकांड को नहीं भूला है, जिसमें सहजीवन में रह रही युवती के उसके ही साथी ने पैंतीस टुकड़े करके जंगल में फेंक दिये थे। विडंबना है कि ऐसी ही क्रूर घटनाएं शेष देश से भी गाहे-बगाहे सुनने को मिलती रहती हैं। घटनाएं तमाम तरह की सामाजिक विद्रूपताओं पर सवाल उठा रही हैं। सोशल मीडिया पर जो अपसंस्कृति की बाढ़ आई है वह हमारे युवाओं को लील रही है। सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि चौदह साल की उम्र में शुरू हुए अपरिपक्व प्रेम की परिणति क्या हो सकती है? जीवन में प्रेम व संबंधों का आधार परिपक्वता भी होता है। सभी अभिभावक भी चाहते हैं कि बच्चे अपने जीवन के फैसले उस अवस्था में लें जब उनमें परिपक्वता आ जाये। वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हों। भारतीय परंपराओं में मां-बाप द्वारा जीवन साथी तय करने का मकसद भी यही था कि कहीं बेटी का कोई कदम उसके जीवन को खतरे में न डाल दे। यदि इसके बावजूद रिश्ते में कोई ऊंच-नीच हो भी तो परिवार उसके लिये एक ताकत की तरह खड़ा रहता है। छोटी उम्र के अपरिपक्व फैसलों से उनके जीवन में आने वाले भूचाल कई निष्कर्षों के रूप में सचेत करते हैं। घटना यह भी सोचने को मजबूर करती है कि किन्हीं प्रेम संबंधों में अलगाव की परिणति इतनी भयावह क्यों होने लगी है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# हाइड्रोलिक सिस्टम की लिफ्ट गिरने से दो लोगों की मौत



**मुंबई :** महानगर मुंबई सहित कई शहरों में बढ़ते वाहनों के चलते पार्किंग की समस्या उपजी है। इस समस्या के निवारण के लिए अब कार के ऊपर कार पार्किंग सिस्टम अर्थात नई हाइड्रोलिक सिस्टम से कार पार्किंग प्रणाली का चलन बढ़ रहा है। लेकिन यह हाइड्रोलिक कार पार्किंग सिस्टम जानलेवा साबित होने लगा है। एक तरफ जहां इससे जगह की बचत होने का हवाला दिया जा रहा है, वहीं अब दुर्घटनाएं सामने आने लगी हैं। मात्र मई महीने में ही मुंबई में हाइड्रोलिक सिस्टम की लिफ्ट गिरने से दो लोगों की मौत हो गई है।

एक दिन पहले चेंबूर में स्वस्तिक फ्लेयर हाउसिंग सोसाइटी के ४० वर्षीय हाउसकीपिंग कर्मचारी की शाम को हाइड्रोलिक कार लिफ्ट गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर लिया है। एक महीने में इस तरह की यह दूसरी घटना है। इससे पहले २ मई को घाटकोपर के एक हाउसिंग सोसायटी में हाइड्रोलिक कार लिफ्ट गिरने की घटना सामने आई थी। उस घटना में भी एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

हाइड्रोलिक कार पार्किंग में बढ़ती घटनाओं से अब इसकी सेफ्टी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आधुनिक युग मे हाइराइज इमारतों में इस प्रकार की कार पार्किंग जनता के लिए कितनी सुरक्षित है। हाइड्रोलिक कार लिफ्ट का काम करनेवाले नितेश पाल ने बताया कि भारत में अभी इस तरह की तकनीकी नई है। इसमें और एडवांस होने की आवश्यकता है। वैसे तो यह सुरक्षित है, लेकिन फिर भी इसमें सुधार की गुंजाइश है। साथ ही सतर्क रहने की भी आवश्यकता है। एक अन्य ने बताया कि इसके लिए सेफ्टी नियमों में चूक होने पर ऐसी घटनाएं होना संभव है। लोगों को अलर्ट रहना ज्यादा जरूरी है।

प्राप्त जनकारी के अनुसार, चेंबूर में डीके संधू मार्ग पर स्वास्तिक फ्लेयर बिल्डिंग के हाउस कीपिंग कर्मचारी योगेश जाधव पार्किंग में हाइड्रोलिक लिफ्ट देख रहे थे, तभी लिफ्ट अचानक गिर गई। शाम ५ बजे के करीब हुई इस घटना में लिफ्ट के नीचे दबने से योगेश की मौत हो गई।

## मुंबई की एक इमारत में लगी भीषण आग



**मुंबई :** मुंबई में पांच मंजिला एक इमारत के भूमिगत तल (बेसमेंट) में बुधवार देर रात भीषण आग लग गई। नगर निकाय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उपनगरीय अंधेरी के एसईईपीजेड (एक विशेष आर्थिक क्षेत्र) में एक औद्योगिक क्षेत्र में स्थित इमारत में देर रात करीब 12.15 बजे लगी आग में फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि धुएं के कारण इमारत की दूसरी मंजिल पर दो सुरक्षाकर्मी फंसे हुए थे, लेकिन दमकल विभाग के कर्मियों ने सीढ़ियों का इस्तेमाल कर उन्हें सुरक्षित निकाल लिया। अधिकारियों ने बताया कि दमकल की कम से कम 12 गाड़ियां और पानी के टैंकर मौके पर पहुंच चुके हैं और आग बुझाने की कोशिशों में जुटे हुए हैं।

# महंगाई की मार से बंद होने की कगार पर है तबेला व्यवसाय



**वसई :** घास ,चारा में लगातार बढ़ रही महंगाई से वसई विरार में दूध व्यवसाय करने वाले तबेला धारकों पर बुरा असर पड़ रहा है। तबेला,दूध का व्यवसाय करने वाले व्यापारी लगातार कर्ज में डूब रहे हैं। तबेला व्यवसाई सरकार से मदद की उम्मीद लगाए हुए हैं। तबेला चलाने वालों का कहना है कि महंगाई ने तो पहले ही कमर तोड़ रखी है, जो पहले भैंस 60 से 70 हजार रुपये में एक मिलती थी,अब एक भैंस की कीमत 1 लाख से ज्यादा हो गई है। वही गाय, भैंस को खिलाने वाले चारे का भाव भी चार गुना बढ़ गया। तबेले में काम करने वाले मजदूर पहले 6 से 7 हजार रुपये हर महीने का लेकर काम करते थे। अब वही मजदूर को 14 से 15 हजार रुपये देने पर भी तबेले में काम करने वाले मजदूर नही मिल रहे हैं। लेकिन दूध के मूल्य में कुछ रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। तबेले दूध की बिक्री पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। पैकेट बंद दूध का व्यापार करने वाले प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा विज्ञापन जारी किया जाता है क (खुला दूध संक्रमित है, कृपया बंद दूध का इस्तेमाल करें। इस तरह के प्रचार का भी तबेले के दूध के व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। तबेला का हाल ऐसा हो गया है कि हम दूध का व्यवसाय बंद कर दें। नई पीढ़ी के युवक तबेले के व्यवसाय को अब करने के लिए तैयार नही है।पहले से हम लोगो ने तबेले में ही काम किया है मजबूरन हमको वही काम करना पड़ रहा है। पहले जो दूध का धंधा था अब उसका एक चौथाई भी दूध का धंधा नही चल रहा है।

# मेट्रो डिपो का काम लेट-लतीफी का शिकार



**मुंबई :** एमएमआरडीए द्वारा बनाए जा रहे मेट्रो डिपो का काम लेट-लतीफी का शिकार हो चुका है। इसके अलावा मुंबई और उसके आस-पास के चार महत्वपूर्ण मेट्रो कार डिपो पर काम शुरू होना बाकी है, मांडले कार डिपो ७० प्रतिशत तैयार है। यह पूरी मेट्रो-२ लाइन की सेवा करेगा जो दहिसर-पूर्व, अंधेरी, बांद्रा और मानखुर्द के बीच संचालित होनी है। मुंबई मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा शेयर किए गए अपडेट के अनुसार, जो मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में मेट्रो रेल परियोजनाओं पर काम कर रहा है, पहले चरण के तहत स्टेबलिंग यार्ड का सिविल कार्य ९६ प्रतिशत पूरा हो गया है और दूसरा स्लैब और बीम कास्टिंग सहित चरण ३६ प्रतिशत पूर्ण है। इस बीच एमएमआरडीए मुंबई सहित एमएमआर में चार मेट्रो रेल कार डिपो में सिविल कार्य शुरू करने में असमर्थ है। ये हैं मोगरपाड़ा (मेट्रो ४), काशेली (मेट्रो ५), कांजूरमार्ग (मेट्रो ६) और उत्तन (मेट्रो ९)।

मोगरपाड़ा कार डिपो के लिए एमएमआरडीए को प्लॉट सौंपने के सरकारी आदेश का इंतजार है। वर्तमान में ठाणे में घोड़बंदर रोड के किनारे मोगरपाड़ा गांव के स्थानीय लोगों को अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। इस भूखंड के अधिग्रहण के बाद ही वडाला-घाटकोपर-ठाणे-कासरवडवली की मेट्रो ४ के साथ-साथ कासरवडवली१-गायमुख की मेट्रो ४-ए का संचालन हो सकेगा। ठाणे-भिवंडी-कल्याण मेट्रो लाइन के लिए काशेली में कार डिपो प्लाट का अधिग्रहण करने के लिए एमएमआरडीए को विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इस महीने की शुरूआत में एमएमआरडीए ने लोगों के साथ इसके पीछे के कारणों को समझने के लिए एक सार्वजनिक मीटिंग आयोजित किया था। यह बात सामने आई कि स्थानीय लोगों को मुआवजे की सूची से बाहर रखा जा रहा है और उनकी आजीविका प्रभावित हो रही है।




# दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है सड़क दुर्घटनाओं की संख्या...

**मुंबई :** मौजूदा सड़कों की चौड़ाई बढ़ाने के साथ ही नए-नए गतिशील एक्सप्रेस-वे भी बनाए जा रहे हैं। सड़कों के काम के साथ ही नए चारपहिया और दोपहिया वाहनों की संख्या भी बड़ी तेजी से बढ़ रही है और उसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की संख्या भी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण पैदल चलनेवाले लोगों को सड़क पर चलते समय जान हथेली पर रखकर चलना पड़ता है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, २०१९ से २०२२ इन चार वर्षों में कुल १० हजार ६१७ पैदल चलनेवालों को अपनी जान गंवानी पड़ी। यह आंकड़ा सिर्फ महाराष्ट्र का है। चार वर्षों के भीतर राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में १० हजार से अधिक पैदल चलनेवालों की मौत हुई है तो देशभर में बलि का यह आंकड़ा कितना बड़ा होगा, इसकी



कल्पना भी नहीं की जा सकती है। किसी महायुद्ध में जितनी जनहानि होती है, उससे भी अधिक मौतें रास्ते पर चलते समय हो रही हैं तो आधुनिक युग व तकनीकी युग में इसे विकास का कौन-सा मॉडल माना जाए? महाराष्ट्र में चार सालों में १० हजार पैदल चलनेवालों की मौत केवल पैदल चलते अथवा सड़क पार करते समय हुई है। मौत के इन आंकड़ों में अन्य सड़क दुर्घटनाओं या वाहनों से होनेवाली मौतें शामिल नहीं हैं। ये मौतें सिर्फ पैदल चलनेवाले लोगों की हैं। पैदल चलनेवालों के लिए जानलेवा बनी महाराष्ट्र की सड़कों पर वर्ष २०१९ में २ हजार ८४९ पैदल चलनेवालों की मौत हुई, तो २०२२ में २ हजार ९८४ पैदल चलनेवालों को अनायास अपनी जान गंवानी पड़ी। शहरों में कुछ स्थानों पर सड़कें कमाल की संकरी हैं। वहां वाहनचालकों को भी अच्छी मशक्कत होती है और पैदल चलनेवालों को भी जान पर खेलना पड़ता है। जहां सड़कें चौड़ी हैं, वहां की कहानी कुछ और है। चौड़ी और खुली सड़कों पर वाहनचालक इतना बेफिक्र होकर गाड़ी चलाते हैं कि पैदल चलनेवालों को सड़क पार करना मुश्किल हो जाता है। आगे जाएं या न जाएं इस भ्रम व असमंजस की स्थिति में निर्णय लेने तक किसी तेज वाहन द्वारा पैदल चलनेवाले को उड़ाने या कुचलने की घटना अब आम हो गई है। सुबह के वक्त शहर की सड़क हो या गांव का नजदीकी हाईवे, इन सभी सड़कों पर ह्मॉर्निंग वॉकह्न करनेवालों की अत्यधिक भीड़ रहती है। सुबह के समय मुख्य सड़क पर भीड़ कम होने के कारण वाहन चालक तेज गति से गाड़ी चलाते हैं और गति पर नियंत्रण छूटने पर ह्मॉर्निंग वॉकह्न करनेवाले लोगों को उड़ा देते हैं।

# तंबाकू जनित उत्पादों की लत से कैंसर की सुनामी आएगी!




**मुंबई :** तंबाकू और तंबाकू जनित उत्पादों की लत से आम इंसान इस कदर बेबस हो गया है कि वह चाहकर भी इसे नहीं छोड़ पा रहा है। तंबाकू के अत्यधिक सेवन से हर ८ सेकंड में एक इंसान की मौत हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार, हिंदुस्थान में तंबाकू जनित उत्पादों को खाने से हर साल करीब १३ लाख लोगों की मौत कैंसर से हो रही है। स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, महाराष्ट्र के गढ़चिरौली, मुंबई, नागपुर, पुणे, यवतमाल, सोलापुर, बुलढाणा जिलों में मुख के कैंसर के मरीज अन्य जिलों से ज्यादा हैं। मौत के ये आंकड़े मुंबई और महाराष्ट्र समेत पूरे हिंदुस्थान के लिए चिंता का विषय बनते जा रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ महीने पहले वैश्विक स्तर पर पहले ही चेतावनी दे दी गई थी कि आनेवाले सालों में हिंदुस्थान में कैंसर की सुनामी आएगी।

उल्लेखनीय है कि तंबाकू और धूम्रपान के सेवन से मुंह, होंठ, जबड़े, फेफड़े, गले, पेट, गुर्दे और मूत्राशय का कैंसर होता है। दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में हिंदुस्थान में मुंह के कैंसर के अधिक मामले सामने आने लगे हैं, जो स्वास्थ्य पर भारी बोझ है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक बीते कुछ सालों से हिंदुस्थान में मुंह के कैंसर के मामले तेजी से बढ़े हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के शोध से पता चला है कि ९० प्रतिशत फेफड़ों के कैंसर का कारण तंबाकू है। पश्चिमी यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में ४.६ से ३.८ की तुलना में हिंदुस्थान में आयु-समायोजित तंबाकू की खपत प्रति एक लाख लोगों पर ७.५ प्रतिशत है। तंबाकू टीबी रोग का एक अप्रत्यक्ष कारण है और इसके कारण मधुमेह की संभावना भी बढ़ जाती है। इतना ही नहीं, खून में अच्छे कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम हो जाती है और इससे दिल के रोग और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही तंबाकू और धूम्रपान से पुरुषों में नपुंसकता की संभावना बढ़ जाती है।

# बोरीवली में अवैध डांस बार पर मुंबई पुलिस का छापा

## 8 लड़कियों को छुड़ाया... 20 गिरफ्तार



**मुंबई:** मुंबई पुलिस की समाज सेवा शाखा ने शनिवार तड़के बोरीवली में एक अवैध डांस बार पर छापा मारा और 23 लड़कियों को मुक्त कराया और एक दर्जन ग्राहकों सहित लोगों को गिरफ्तार किया। सहायक पुलिस आयुक्त चंद्रकांत जाधव ने बताया कि एक डांस क्लिप के आधार पर छापा एसएस ब्रांच द्वारा किया गया. सर एसीपी चंद्रकांत जादव सर डब्ल्यूपीआई अनीता कदम मैडम ढरक कान्हेरकर सर टीम और कस्तूरबा पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने बोरीवली पूर्वी उपनगर में कावेरी बार पर रात करीब 1 बजे छापा मारा। छापे के दौरान, टीम को 23 लड़कियां मिलीं जिन्हें कथित तौर पर कार्यक्रम स्थल पर नृत्य करने के लिए मजबूर किया गया था और उन्हें बचाया गया था, हालांकि बार मालिक वांछित था। एसीपी जाधव ने कहा, ''गिरफ्तार किए गए लोगों में कर्मचारी, ग्राहक और उनके खिलाफ महिलाओं की गरिमा की रक्षा सहित कानून की विभिन्न धाराएं शामिल हैं। कस्तूरबा स्थानीय पुलिस स्टेशन के माध्यम से आगे की जांच जारी है।सूत्रों का कहना है कि राज्य में डांस बारों पर प्रतिबंध के बावजूद, कुछ विशेष रूप से मुंबई और ठाणे के सीमावर्ती क्षेत्रों में चोरी-छिपे चलते रहते हैं, लेकिन उनके खिलाफ नियमित छापेमारी की जाती है।

# दो वेबसाइट के खिलाफ एफआईआर दर्ज, सावित्रीबाई फुले पर 'आपत्तिजनक' लेख प्रकाशित करने का आरोप

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले पर कथित आपत्तिजनक लेख को लेकर बुधवार को दो वेबसाइटों के खिलाफ मामला दर्ज किया। एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि धारा 500 (मानहानि की सजा) सहित भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत इंडिक टेल्स और हिंदू पोस्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। बता दें, सावित्रीबाई फुले पर कथित आपत्तिजनक लेख को लेकर बुधवार को अजीत पवार, जयंत पाटिल, सुनील तटकरे और छगन भुजबल सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुंबई पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया था और दो वेबसाइटों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने अधिकारियों को लेख को सत्यापित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। सीएम शिंदे ने कहा था कि सम्मानीय व्यक्तियों के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री लिखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## निवेशकों से करोड़ों रुपये ठगने के मामले में चार के खिलाफ मामला दर्ज

**नवी मुंबई :** नवी मुंबई पुलिस ने बुधवार को कहा कि निवेशकों से 14.24 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी करने के आरोप में एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया है। मंगलवार को निवेशकों के एक समूह ने उरण थाने में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने जनवरी से मई 2023 के बीच चिट फंड के जरिए अच्छे रिटर्न का वादा करके निवेशकों को धोखा दिया, लेकिन बाद में पैसे नहीं लौटाए।

## मॉयल लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**नागपुर :** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बुधवार को सरकारी कंपनी मॉयल लिमिटेड के एक वरिष्ठ अधिकारी और कई अन्य व्यक्तियों के खिलाफ 1.35 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी के लिए मामला दर्ज किया। केंद्रीय एजेंसी ने कहा कि मॉयल लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक (वित्त) सचिन गजलेवार और अन्य पर आईपीसी की संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। नागपुर में मॉयल लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) प्रदीप कामले द्वारा दायर शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई। प्रदीप कामले ने 14 नवंबर, 2022 को सीबीआई के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के पास शिकायत दर्ज कराई थी। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज की गई शिकायत में आरोपियों पर आपराधिक साजिश, सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग, धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक कदाचार का आरोप लगाया गया है।

## नागपुर पुलिस की रिसॉर्ट में छापेमारी, छह महिलाओं समेत 18 गिरफ्तार

**नागपुर :** नागपुर पुलिस ने बुधवार तड़के जिले के उमरेड में एक रिसॉर्ट में छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने अवैध रूप से शराब पीने और अश्लील नृत्य करने के आरोप में छह महिलाओं समेत 18 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, पकड़ी गईं महिलाएं अश्लील तरीके से नृत्य कर रही थीं, जबकि पुरुष आरोपी उन पर नोटों की बारिश कर रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि छापेमारी के दौरान विदेशी शराब की विभिन्न बोतलें जब्त की गईं।

## बडोदरा की बेस्ट बेकरी मामले में कल फैसला सुनाएगी विशेष अदालत

**वडोदरा :** बेस्ट बेकरी मामले में विशेष अदालत दो जून को फैसला सुनाएगी। यह मामला वडोदरा की एक बेकरी से संबंधित है, जिसमें 2002 के गुजरात दंगों के दौरान भीड़ ने आग लगा दी थी। बेकरी के अंदर 14 लोगों की जलने से मौत हो गई थी। घटना के बाद बेकरी मालिक की बेटी जहीरा शेख ने 21 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जून 2003 में सबूतों की कमी के अभाव में फास्ट-ट्रैक अदालत ने सभी अभियुक्तों को बरी कर दिया था। इसके अलावा शेख सहित सभी प्रमुख गवाह अपने बयानों से भी मुकर गए थे।

# मुंबई के दादर में दो नेताओं पर चाकू और रॉड से हमला करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**मुंबई :** मुंबई के दादर में पिछले दिनों वंचित बहुजन अघाड़ी पार्टी के मुंबई युवा अध्यक्ष परमेश्वर रणशूर और पार्टी नेता गौतम हरल पर हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार हो गए हैं। मुंबई पुलिस ने बताया कि इन नेताओं पर मुंबई के दादर इलाके में चाकू और रॉड से हमला करने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आईपीसी की धारा 307, 326 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। बता दें कि पिछले दिनों मुंबई के दादर इलाके में वंचित बहुजन अघाड़ी पार्टी के मुंबई युवा अध्यक्ष परमेश्वर रणशूर पर 4 अज्ञात लोगों ने चाकू और रॉड से हमला कर दिया था। इस हमले में पार्टी नेता गौतम हरल भी घायल हो गए थे। फिलहाल दोनों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मुंबई पुलिस ने आईपीसी की धारा 307, 326 और 34 के तहत मामला दर्ज किया कर जांच कर रही है। फिलहल हमले में शामिल चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर दिया है।

# दो पुलिसकर्मियों को लापरवाही के मामले में एक वर्ष तक वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं करने की मिली सजा



**वसई :** एमबीवीवी पुलिस कमिश्नरेट ने दो पुलिसकर्मियों को दुर्व्यवहार और लापरवाही के मामले में सजा सुनाई है। मिली जानकारी के अनुसार,दो पुलिस अधिकारियों की पहचान विरार पुलिस स्टेशन के पुलिस उप-निरीक्षक संदेश राणे और नालासोपारा पुलिस स्टेशन की पुलिस उप-निरीक्षक भाविका माहिमतुरा के रूप में हुई है। भाविका माहिमतुरा नालोसपारा पुलिस स्टेशन में पुलिस सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें 12 अपराधों और 10 आकस्मिक मौतों की जांच सहित कुल 22 मामलों की जांच करने का काम सौंपा गया था।लेकिन इन मामलों की जांच लंबे समय से लंबित थी। उन्हें उनके वरिष्ठों द्वारा रिकॉर्ड की जांच करने और मामलों का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया गया था। काम पूरा नहीं करने और अपने वरिष्ठों के आदेशों की अनदेखी करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब देने के बाद, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत पाठक ने उन्हें महाराष्ट्र पुलिस नियम, 1956 के प्रावधानों के अनुसार एक वर्ष के लिए अगले वार्षिक वेतन वृद्धि को निलंबित करने की सजा सुनाई है । पुलिस नियमावली के अनुसार पुलिस अधिकारी की साप्ताहिक डायरी वरिष्ठ कार्यालय को प्रत्येक सप्ताह भिजवाना आवश्यक है। वही विरार पुलिस स्टेसन में पुलिस उपनिरीक्षक संदेश राणे ने अगस्त 2021 से 14 महीने की डायरी पुलिस को नहीं सौंपी है। उन्हें डायरी पेश करने का आदेश दिया गया था। लेकिन जैसे ही उन्होंने इसे नजरअंदाज किया, उन्हें इस संबंध में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।लेकिन उन्होंने खुलासा भी नहीं किया। इसलिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राणे के जवाब के बाद अतिरिक्त पुलिस आयुक्त श्रीकांत पाठक ने कड़ी चेतावनी दी है।

# अहमदनगर का नाम अहिल्यादेवी होलकर नगर किया जाएगा




**मुंबई :** अहिल्यादेवी होलकर की जन्मस्थली रही अहमदनगर जिले के चौड़ी में कल अहिल्यादेवी होलकर की २९८वीं जयंती पर बड़ा कार्यक्रम आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उपस्थित थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अहमदनगर का नाम अहिल्यादेवी होलकर नगर हो, ऐसी इच्छा व्यक्त की। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सभी की इच्छा है इसलिए अहमदनगर का नाम बदलकर अहिल्यादेवी होलकर नगर किया जाएगा, इस संदर्भ में राज्य मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया है। इसके साथ ही बारामती मेडिकल महाविद्यालय का नाम अहिल्यादेवी होलकर किया जाएगा, ऐसी घोषणा मेडिकल शिक्षा मंत्री गिरीश महाजन ने की।

# मामूली विवाद को लेकर 55 वर्षीय महिला की पीट-पीटकर हत्या,मामला दर्ज,आरोपी फरार



**पालघर :** पालघर जिले में विवाद के बाद एक व्यक्ति ने 55 वर्षीय एक महिला की कथित तौर पर पत्थर मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।यह घटना वाडा तालुका में मंगलवार की देर रात को हुई और 38 वर्षीय आरोपी को पकड़ने की कोशिश की जा रही है।आरोपी ने गहरी नींद में सो रही पीड़िता को कथित तौर पर एक बड़े पत्थर से मारकर उसकी हत्या कर दी। कुछ लोगों ने बुधवार को खेत के एक कमरे में पीड़िता का शव देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी।पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है और उसका पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# रेलवे के अधिकारियों को उद्घाटन के लिए नेताओं के समय का इंतजार!




**मुंबई :** रेलवे की नई बनी उरण लाइन को सुरक्षा मंजूरी मिलने के दो महीने बाद भी उरण लाइन पर पांच नए स्टेशन और दीघे स्टेशन अभी तक नहीं खोले गए हैं, क्योंकि रेलवे के अधिकारियों को उद्घाटन के लिए नेताओं के समय का इंतजार कर रहे हैं। नई मुंबई में उरण रेलवे लाइन के पांच नए स्टेशनों गवनपाड़ा, रंजनपाड़ा, न्हावा-शेवा, द्रोणागिरी और उरण के लिए मार्च के मध्य में यात्री ट्रेनों को चलाने के लिए रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने मंजूरी दे दी है। हालांकि, अभी तक नेताओं द्वारा उद्घाटन की प्रतीक्षा की जा रही है। नई बनी लाइन मुंबई और नई मुंबई वीडियो सिटी में मुख्य परिवहन लिंक से जोड़ती है। यह बेलापुर-सीवुड-उरण रेलवे परियोजना की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य नई मुंबई के मध्य भाग में उन क्षेत्रों में पहुंच बढ़ाना है, जहां विकास की योजना बनाई गई है। इस नई लाइन के शुरू होने से जनता और यात्रियों को काफी फायदा होगा। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह, आस-पास के बंदरगाह आधारित उद्योगों, ओएनजीसी, उरण में डिफेंस एस्टेब्लिशमेंट, नई मुंबई स्पेशल एक्सोनॉमिक जोन (एनएमएसईजेड) और विभिन्न आवासीय, औद्योगिक और यात्री यातायात मांगों को पूरा करेगी।

नागरिकों को इस परियोजना में अत्यधिक देरी का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार के मंत्रालय ने इसे महाराष्ट्र की सबसे विलंबित रेलवे परियोजनाओं में से एक करार दिया है, जिसमें समय सीमा इंतजार से कहीं ज्यादा है। इस प्रोजेक्ट की कुल देरी २१६ महीने यानी १८ साल की देरी हुई है। परियोजना को मार्च १९९६ में मंजूरी मिली थी और मूल रूप से ४९५.४४ करोड़ रुपए की प्रारंभिक अनुमानित लागत के साथ मार्च २००४ में पूरा होने के लिए निर्धारित किया गया था। इस रेल परियोजना की लागत रेलवे और महाराष्ट्र सरकार के शहर और औद्योगिक विकास निगम (सिडको) के बीच साझा की जाती है। रेलवे लागत का एक-तिहाई वहन करता है, जबकि सिडको ६७:३३ के अनुपात को बनाए रखते हुए दो-तिहाई को कवर करता है। २७ किलोमीटर बेलापुर/नेरुल उरण के संबंध में पहले चरण, खारकोपर तक १२.४ किलोमीटर की दोहरी लाइन को पूरा किया गया और ११ नवंबर, २०१८ को चालू किया गया।

# मई महीने में घरों की बिक्री से 820 करोड़ रुपए का राजस्व



**मुंबई :** मुंबई में मई महीने में ९,६६१ घरों की बिक्री होने से राज्य सरकार को मुद्रांक शुल्क के रूप में ८२० करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है। गत अप्रैल महीने में साढ़े दस हजार घरों की बिक्री हुई थी, परंतु मई महीने में घरों की बिक्री में कमी आई है। माना जा रहा था कि कोरोना संकट खत्म होने के बाद कंस्ट्रक्शन बिजनेस में तेजी आएगी, लेकिन २०२२ में घरों की बिक्री स्थिर रही, घरों की बिक्री में कोई खास बढ़ोतरी नहीं हुई। ऐसी परिस्थिति २०२३ में भी दिखाई दे रही है।

पिछले पांच महीनों में ९ से १३ हजार के बीच घर बेचे गए थे। जनवरी में ९ हजार मकान बेचे गए थे और इससे ६९२ करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। फरवरी में ९,६८४ मकान बेचे गए और १,१११ करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। हालांकि, मार्च महीने में घरों की बिक्री १३,००० के आंकड़े को पार कर गई थी। मार्च में १३,१५१ घर बेचे गए और राजस्व १,२२५ करोड़ रुपए प्राप्त हुआ था। हालांकि, अप्रैल में घरों की बिक्री में मामूली गिरावट आई थी। अप्रैल में १०,५१४ मकान बेचे गए और इन मकानों की बिक्री से ८९९ करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। मार्च और अप्रैल में दस हजार से ज्यादा मकानों की बिक्री हुई थी, लेकिन मई में १० हजार घर भी नहीं बिके। मई महीने में ९,६६१ घर बेचे गए और इससे ८२० करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाटसप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com